# PAPER-III
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

| J | 0 | 9 | 1 | 6 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

Time : 2 ½ hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

Examrace

## EDUCATION
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following combination will be used for acquiring knowledge by a teacher who has inclination towards realist philosophy ?

(i) Relying on sensory experience.

(ii) Using inductive methods.

(iii) Employing logical reasoning.

(iv) Showing sympathy towards colleagues.

(1) (i), (ii) & (iii) (2) (i), (ii) & (iv)

(3) (ii), (iii) & (iv) (4) (ii) & (iv)

**2.** On which issues the Pragmatists and Existentialists may be in agreement ?

(i) Anti Collectivist approach

(ii) No dependence on a priori knowledge

(iii) Averse to social issues

(iv) Valuing subjective knowledge

(1) (i), (ii) & (iii) (2) (i), (ii), (iii) & (iv)

(3) (ii), (iii) & (iv) (4) (i), (ii) & (iv)

**3.** Choose the correct combination of the differences between Mahayani and Hinyani followers of Buddhism :

(i) Mahayanis were tradesmen while Hinyanis were preachers.

(ii) Mahayanis accept this world as a reality while the Hinyanis do not.

(iii) Mahayani's ideal is "Bodhisattva' while that of Hinyana is "Arhathood".

(iv) Mahayanis believed in the ideal of action while Hinyanis believed in the ideal of 'contemplation'.

(1) (i), (ii), (iii) & (iv) (2) (ii), (iii) & (iv)

(3) (i), (iii) & (iv) (4) (ii) & (iii)

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** यथार्थवादी दर्शन के प्रति झुकाव रखने वाले एक अध्यापक द्वारा ज्ञान प्राप्ति के लिए निम्न में से कौन से सम्मिलन का उपयोग किया जाएगा ?

(i) इन्द्रिय जनित अनुभवों पर निर्भरता

(ii) आगमनात्मक विधियों का उपयोग

(iii) तार्किक चिन्तन का उपयोग

(iv) सहयोगियों के प्रति सहानुभूति दर्शाना

(1) (i), (ii) एवं (iii) (2) (i), (ii) एवं (iv)

(3) (ii), (iii) एवं (iv) (4) (ii) एवं (iv)

**2.** कौन से बिन्दुओं पर प्रयोजनवादियों तथा अस्तित्ववादियों में सहमति हो सकती है ?

(i) समूहवादी विरोधी उपागम

(ii) अनुभव निरपेक्ष ज्ञान पर निर्भरता नहीं

(iii) सामाजिक मुद्दों से विमुख

(iv) व्यक्तिनिष्ठ ज्ञान को महत्त्व देना

(1) (i), (ii) एवं (iii) (2) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

(3) (ii), (iii) एवं (iv) (4) (i), (ii) एवं (iv)

**3.** बौद्ध दर्शन के महायानी तथा हीनयानी अनुयायिओं के बीच अंतरों का सही सुमिलन चुनिए :

(i) महायानी व्यापारी थे जबकि हीनयानी उपदेशक थे ।

(ii) महायानी संसार को यथार्थ मानते हैं जबकि हीनयानी ऐसा नहीं मानते ।

(iii) महायानियों का आदर्श 'बोधिसत्व' है जबकि हीनयानियों का आदर्श 'अर्हतवाद' है ।

(iv) महायानी 'प्रवृत्ति' के आदर्श में विश्वास रखते हैं जबकि हीनयानी 'निवृत्ति' के आदर्श में ।

(1) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (2) (ii), (iii) एवं (iv)

(3) (i), (iii) एवं (iv) (4) (ii) एवं (iii)

4. What are the sources of knowledge as per Islamic education system ?

(i) Empirical world (ii) The Quran

(iii) Namaj (iv) Scriptures

(1) (ii) & (iv) (2) (ii), (iii) & (iv)

(3) (i), (ii), (iii) & (iv) (4) (i) & (ii)

5. The basic purpose of imparting craft education in Basic education scheme was to

(i) Developing hands on experience.

(ii) Preparing the ground for vocational education.

(iii) Achieve the goal of a Sarvodaya Samaj.

(iv) Meet the expenses incurred on the education of children.

(1) (i), (ii), (iii) & (iv) (2) (i), (ii) & (iii)

(3) (ii), (iii) & (iv) (4) (i) & (iii)

6. A teacher is interested to help a group of academically poor children hailing from slum and difficult to reach areas. Which of the following will be the appropriate interventions in order to ensure equity and equality in their education.

(1) Providing sufficient learning materials, play materials and food.

(2) Giving longer hours of coaching coupled with reinforcement in the form of praise and encouragement etc.

(3) Involving parents of children in various school activities.

(4) Providing free school uniform, mid-day meals with leisure time activities.

7. The major role of education in the context of society is :

(a) ensuring sustainable social progress.

(b) Replacing social stratification.

(c) Encouraging social mobility.

(d) Exercising social control.

Choose the correct set of answers from the following alternatives :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d)

(3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)

**4.** इस्लाम शिक्षा प्रणाली के अनुसार ज्ञान के स्रोत क्या हैं ?

(i) अनुभवजन्य विश्व

(ii) कुरान

(iii) नमाज़

(iv) धर्मग्रन्थ

(1) (ii) एवं (iv) (2) (ii), (iii) एवं (iv)

(3) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (4) (i) एवं (ii)

**5.** बुनियादी शिक्षा प्रणाली में शिल्प शिक्षा देने का मूल उद्देश्य था

(i) कार्यानुभव

(ii) व्यावसायिक शिक्षा के लिए आधार तैयार करना

(iii) सर्वोदय समाज का लक्ष्य प्राप्त करना

(iv) बालकों की शिक्षा पर हुए खर्च की भरपाई करना

(1) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (2) (i), (ii) एवं (iii)

(3) (ii), (iii) एवं (iv) (4) (i) एवं (iii)

**6.** किसी अध्यापक को मलिन बस्ती तथा दुर्गम स्थानों से आने वाले शैक्षिक रूप से कमजोर बच्चों के एक समूह को सहायता करने में रुचि है । उनकी शिक्षा में साम्यता तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा उपयुक्त हस्तक्षेप होगा ?

(1) पर्याप्त अधिगम सामग्री, खेल सामग्री तथा भोजन प्रदान करना ।

(2) अधिक समय तक कोचिंग प्रदान करना तथा प्रशंसा एवं प्रोत्साहन द्वारा प्रबलन ।

(3) विभिन्न विद्यालय कार्यकलापों में बच्चों के माता-पिता को शामिल करना ।

(4) नि:शुल्क विद्यालय गणवेश, मध्याह्न भोजन तथा विश्राम-कालीन कार्यकलाप प्रदान करना ।

**7.** समाज के संदर्भ में शिक्षा की मुख्य भूमिका है :

(a) सतत सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करना ।

(b) सामाजिक स्तरीकरण को प्रतिस्थापित करना ।

(c) सामाजिक सचलता सुनिश्चित करना ।

(d) सामाजिक नियंत्रण करना ।

नीचे दिये गये विकल्पों से सही उत्तरों के सही समुच्चय का चयन कीजिये :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d)

(3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)

8. The concept of "gender equity" in Indian context implies :

(1) Equal provision for men and women.

(2) Similar provision for men and women.

(3) Special provision for women.

(4) Special provision for men.

9. The term disadvantaged section refers to :

(a) Scheduled Castes

(b) Scheduled Tribes

(c) Girls and women

(d) Minorities

Choose the correct set of answers from the following alternatives :

(1) (a), (b), (c) (2) (a), (b), (d)

(3) (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)

10. Which article of Indian Constitution embodies the provision for early childhood care and education for the children below the age of six years ?

(1) Article 45 (2) Article 21(A)

(3) Article 51(A) (4) Article 350

11. Which of the set of statements explain the characteristics of intellectual and emotional development during the stage of childhood ? Select your answer from the code.

(i) The child displays the ability to talk in tune with others level of cognitive level.

(ii) During the last part of this stage there is optimal level of learning in cognitive terms.

(iii) Concept of self emerges in keeping with achievements in schools.

(iv) The ability to form compound and complex sentences may be noted in speech or writing.

(v) Starts showing signs of worry arising from imaginary objects.

(vi) Starts forming sentiments for the love of the country, group loyalty and family.

**Codes :**

(1) (i), (ii) and (iii) (2) (iv), (v) and (vi)

(3) (i), (iv) and (v) (4) (i), (v) and (vi)

**8.** भारतीय संदर्भ में 'लिंग न्याय' की अवधारणा है :

(1) पुरुषों और महिलाओं के लिये समान प्रावधान

(2) पुरुषों और महिलाओं के लिये सदृश प्रावधान

(3) महिलाओं के लिये विशेष प्रावधान

(4) पुरुषों के लिये विशेष प्रावधान

**9.** पद सुविधावंचित संवर्ग _______ से संबंधित है ।

(a) अनुसूचित जाति (b) अनुसूचित जनजाति

(c) बालिकाएँ एवं महिलाएँ (d) अल्पसंख्यक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तरों के सही समुच्चय का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) (2) (a), (b), (d)

(3) (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)

**10.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आरंभिक बाल्यकाल में देखभाल तथा शिक्षा का प्रावधान किया गया है ?

(1) अनुच्छेद 45 (2) अनुच्छेद 21(A)

(3) अनुच्छेद 51(A) (4) अनुच्छेद 350

**11.** निम्नांकित कथनों में से वह कौन सा समुच्चय है, जो बाल्यावस्था में बौद्धिक एवं संवेगात्मक की विशेषताओं की व्याख्या है ? कूट से उत्तर चुनिए :

(i) बालक दूसरों के संज्ञानात्मक स्तर पर बात कर लेने की योग्यता प्रदर्शित करता है ।

(ii) इस अवस्था के अन्तिम चरण में संज्ञानात्मक दृष्टि से अधिगम का इष्टतम स्तर प्राप्त हो जाता है ।

(iii) विद्यालयों में उपलब्धियों के अनुरूप आत्म का सम्प्रत्यय विकसित होता है ।

(iv) बोलने एवं लिखने में मिश्र एवं जटिल वाक्यों के बनाने की योग्यता आ जाती है ।

(v) काल्पनिक वस्तुओं से आकुलता के संकेत प्रगट होते हैं ।

(vi) देश-प्रेम तथा समूह एवं परिवार के प्रति निष्ठा का स्थायी भाव बनने लगता है ।

**कूट :**

(1) (i), (ii) एवं (iii) (2) (iv), (v) एवं (vi)

(3) (i), (iv) एवं (v) (4) (i), (v) एवं (vi)

**12.** Development of concept formation in all stages is marked by features such as

(i) ability to discriminate between classes of stimuli.

(ii) form generalization within a class of stimuli.

(iii) understanding the necessary characteristics which play crucial role.

(iv) Relating events to unpredictable consequences.

(v) Ability to give examples and non-examples of the referents.

Select the correct alternative from the following code :

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii), (iii), (iv) and (v) | (2) | (i), (ii), (iii) and (v) |
| (3) | (i), (iii), (iv) and (v) | (4) | (i), (ii), (iv) and (v) |

**13.** Which of the following is not a typical characteristic of the social development during adolescence ?

(1) Intense self-awareness

(2) Moral development

(3) Tendency of being away from parents

(4) Formation of cliques or associations

**14.** The pre-operational stage of development as noted by Piaget corresponds to which level of education in the Indian context ?

(1) Upper primary level

(2) Secondary school level

(3) Secondary and Senior secondary level

(4) Kindergarten and early primary level of education

**15.** Reward and punishment are considered to be regulatory devices. In the case of punishment which aspects of individual differences are likely to play a significant role in school education for regulation of behaviour ?

(1) Intelligence level of the students.

(2) Achievement of learner in a subject.

(3) Socio-cultural background of the students.

(4) Interest in hobbies.

**12.** सभी अवस्थाओं में सम्प्रत्यय निर्माण का विकास अधोलिखित विशेषताओं को प्रगट करता है :

(i) उद्दीपकों के संवर्गों में विभेद करने की योग्यता ।

(ii) उद्दीपकों के एक संवर्ग के भीतर सामान्यीकरण कर लेना ।

(iii) वे आवश्यक लक्षण जो महत्त्वपूर्ण होते हैं उन्हें समझने लग जाता है ।

(iv) घटनाओं को भावी कथन योग्य न होने वाले परिणामों से सम्बन्धित करने लग जाता है ।

(v) सन्दर्भित सम्प्रत्यय के उदाहरण तथा जो उदाहरण नहीं है, उन्हें बताने की योग्यता दिखाता है ।

निम्नांकित कूट से सही विकल्प चुनिए :

**कूट** :

(1) (ii), (iii), (iv) एवं (v) (2) (i), (ii), (iii) एवं (v)

(3) (i), (iii), (iv) एवं (v) (4) (i), (ii), (iv) एवं (v)

**13.** निम्नांकित में से कौन सी विशेषता किशोरावस्था में सामाजिक विकास का प्रमुख लक्षण नहीं है ?

(1) तीव्र आत्म अभिज्ञता (2) नैतिक विकास

(3) माँ-बाप से अलग रहने की प्रवृत्ति (4) गुटों या संघों का निर्माण

**14.** पियाजे द्वारा चिह्नित पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था भारतीय सन्दर्भ में शिक्षा के किस स्तर से सम्बन्धित है ?

(1) उच्च प्राथमिक स्तर

(2) माध्यमिक विद्यालय स्तर

(3) माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर

(4) किंडरगार्टन तथा प्रारम्भिक प्राथमिक शिक्षा स्तर

**15.** पुरस्कार एवं दण्ड को नियामक युक्तियों के रूप में लिया जाता हैं । दण्ड के सम्बन्ध में व्यक्तिगत भिन्नता के कौन से पक्ष विद्यालयी शिक्षा में व्यवहार के नियमन हेतु महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं ?

(1) विद्यार्थियों का बुद्धि स्तर

(2) किसी विषय में अधिगमकर्त्ता की उपलब्धि

(3) विद्यार्थियों की सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

(4) हॉबी में रुचि

**16.** Which sets of the following statements have a direct support from theories of learning and motivation ? Give your answer by selecting the alternative from the code.

(i) The probability of an operant response increases if it is immediately followed by reward.

(ii) Motivation is a necessary but not a sufficient condition for learning.

(iii) You can lead a horse to a pond, but you cannot make it drink.

(iv) The learner forms a cognitive map when learning takes place.

(v) The number of pairings of a conditioned stimulus with that of unconditioned stimulus tends to reduce the latency of a response.

(vi) Practice makes the man perfect.

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv) (2) (ii), (iii), (iv) and (vi)

(3) (iii), (iv), (v) and (vi) (4) (i), (ii), (iv) and (v)

**17.** 'Learning by Cathexis' is a term used by

(1) Thorndike (2) Skinner

(3) Tolman (4) Hull

**18.** In backward conditioning, which of the following temporal relationship is studied ?

(1) The unconditioned stimulus follows the conditioned stimulus after a lapse of time.

(2) The conditioned stimulus precedes the unconditioned stimulus by a few seconds.

(3) The unconditioned stimulus precedes the appearance of conditioned stimulus.

(4) After termination of a one conditioned stimulus, another conditioned stimulus is presented.

**19.** In the following example four types of transfers in the shape of facts transfer, principle transfer, skill transfer and methods transfer are available. Identify and match the two by the numerals given below the underlined part.

Example :

(i) Ashoka in a chemistry lab is making chlorine. He knows what compounds must be combined

(ii) The acid is diluted by adding the water to the acid.

(iii) In setting up his apparatus he bends first the glass tubing.

(iv) The apparatus is then assembled cautiously with neatness and care.

(v) He proceeds with air of confidence.

(vi) works systematically.

| | Set – I What transfers | Set – II Example numerical |
|---|---|---|
| (a) | Facts transfer | (i) |
| (b) | Principle transfer | (ii) |
| (c) | Skill transfer | (iii) |
| (d) | Method transfer | (iv) |
| | | (v) |
| | | (vi) |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (2) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |

**16.** निम्नांकित में से कौन सा कथन समुच्चय अधिगम एवं अभिप्रेरणा के सिद्धान्तों से प्रत्यक्षत: समर्थित है ? कूट से उपयुक्त विकल्प चुनकर अपना उत्तर दें ।

(i) किसी क्रिया प्रसूत अनुक्रिया की सम्भावना तब बढ़ जाती है, जब इसके तुरन्त बाद पुरस्कार मिलता है ।

(ii) अभिप्रेरणा एक आवश्यक शर्त है किन्तु पर्याप्त नहीं, अधिगम घटित होने के लिए ।

(iii) किसी घोड़े को आप सरोवर तक ले जा सकते हैं, किन्तु उसे पीने के लिए बाध्य नहीं कर सकते ।

(iv) अधिगम घटित होने पर अधिगमकर्त्ता एक 'संज्ञानात्मक मानचित्र' विकसित कर लेता है ।

(v) अनुबन्धित एवं अनानुबन्धित उद्दीपकों के युग्मन की संख्या अनुक्रिया-अव्यक्तता काल को न्यून बना देता है ।

(vi) अभ्यास द्वारा व्यक्ति पूर्णता प्राप्त कर लेता है ।

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) एवं (iv)
(2) (ii), (iii), (iv) एवं (vi)
(3) (iii), (iv), (v) एवं (vi)
(4) (i), (ii), (iv) एवं (v)

**17.** 'अभिनिवेश अधिगम' पद का प्रयोग किया गया है, किसके द्वारा ?

(1) थार्नडाइक
(2) स्किनर
(3) टोलमैन
(4) हल्ल

**18.** पश्चवर्ती अनुबन्धन में निम्नांकित में से किस कालिक सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता है ?

(1) अनुबन्धित उद्दीपक की प्रस्तुति के बाद अनानुबन्धित उद्दीपक कुछ समय के बाद प्रस्तुत किया जाता है ।
(2) अनानुबन्धित उद्दीपक के कुछ सेकण्ड पूर्व अनुबन्धित उद्दीपक प्रस्तुत किया जाता है ।
(3) अनुबन्धित उद्दीपक के दिए जाने के पूर्व अनानुबन्धित उद्दीपक प्रस्तुत किया जाता है ।
(4) एक अनुबन्धित उद्दीपक की प्रस्तुति हो जाने पर दूसरा अनुबन्धित उद्दीपक प्रस्तुत किया जाता है ।

**19.** नीचे तथ्य अन्तरण, सिद्धान्त अन्तरण, कौशल अन्तरण तथा विधि अन्तरण के रूप में चार प्रकार के अन्तरण के उदाहरण दिये गये हैं । निम्न रेखांकित अंश में अंकों को पहचान कर दोनों को सुमेलित कीजिए :

**उदाहरण** : (i) अशोक किसी रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला में क्लोरीन बना रहा है । वह जानता है कि किन-किन यौगिकों का मिश्रण होगा । (ii) अम्ल में पानी मिलाकर अम्ल को तनु बनाया जाता है । (iii) अपने उपकरण स्थापित करते समय वह पहले नलिका को मोड़ता है । (iv) तत्पश्चात् स्वच्छतापूर्वक तथा सावधानीपूर्वक वह उपकरणों का संयोजन करता है । (v) वह विश्वास के भाव के साथ आगे बढ़ता है । (vi) अब व्यवस्थित रूप से कार्य करता है ।

| | **समुच्चय – I (क्या अन्तरण है)** | **समुच्चय – II (उदाहरण अंक)** |
|---|---|---|
| (a) | तथ्य अन्तरण | (i) |
| (b) | सिद्धान्त अन्तरण | (ii) |
| (c) | कौशल अन्तरण | (iii) |
| (d) | विधि अन्तरण | (iv) |
| | | (v) |
| | | (vi) |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (2) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |

**20.** According to Hull in a learning situation, tendency to make a given response to a given stimulus depends on

(1) habit strength, drive and incentive motivation.

(2) habit strength, extraneous stimulus and oscillation.

(3) resistance to extinction, response amplitude and speed of response.

(4) habit strength, response latency and threshold value of a response.

**21.** Which of the following theory of personality is an example of trait theory ?

(1) Freud's psychoanalytic theory

(2) Allport's theory of personal disposition

(3) Adler's theory of individual psychology

(4) Lewin's field theory

**22.** A child on the very first day of his entry to the school campus starts crying like an infant out of the fear or shows over dependence-proneness on the teacher. This is an example of which kind of defence mechanism ?

(1) Displacement (2) Fixation

(3) Rationalization (4) Regression

**23.** Which of the following sets of statements depict the characteristics of the process of adjustment ? Select from the code to give your answer.

(i) During adjustment both individual and the environment undergo a change.

(ii) Adjustment in one situation implies an adjustment in other situations as well.

(iii) For quickening the process of adjustment, study of motivation is helpful.

(iv) Adjustment depends on intelligence and personality.

(v) Adjustment is mechanical but purposive.

**Codes :**

(1) (i), (iii) and (iv) (2) (ii), (iii) and (v)

(3) (iii), (iv) and (v) (4) (i), (ii) and (iv)

**24.** Which of the following assessment tools of personality is a projective test ?

(1) Cattell's 16 PF

(2) Edwards Personal Preference Scale

(3) MMPI

(4) TAT

**20.** हल्ल के अनुसार अधिगम परिस्थिति में किसी प्रदत्त उद्दीपक के प्रति प्रदत्त अनुक्रिया उत्पन्न होने की प्रवृत्ति निर्भर होती है,

(1) आदत बल, अन्तर्नोद तथा प्रेरक अभिप्रेरण पर

(2) आदत बल, बाह्य उद्दीपक तथा दोलन पर

(3) विलोप के प्रति प्रावरोध, अनुक्रिया आयाम तथा अनुक्रिया गति पर

(4) आदत बल, अनुक्रिया - अव्यक्तताकाल तथा अनुक्रिया-सीमा के मान पर

**21.** निम्नांकित में से कौन सा 'व्यक्तित्व-सिद्धान्त', विशेषक सिद्धान्त का उदाहरण है ?

(1) फ्रायड का मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्त

(2) आलपोर्ट का व्यक्तिगत-प्रवृत्ति का सिद्धान्त

(3) एडलर का व्यक्तिगत मनोविज्ञान का सिद्धान्त

(4) लेविन का क्षेत्र-सिद्धान्त

**22.** विद्यालय परिसर में प्रविष्टि के प्रथम दिन ही एक बालक, भय के कारण शिशु जैसा रुदन-क्रन्दन करने लग जाता है या शिक्षक पर अत्यधिक पराश्रयता प्रदर्शित करने लगता है । यह किस प्रकार की रक्षा-युक्ति का उदाहरण है ?

(1) विस्थापन     (2) स्थिरण

(3) औचित्य-स्थापन     (4) प्रतिगमन

**23.** कथनों का निम्नलिखित में से कौन-सा समुच्चय समंजन प्रक्रिया की विशेषताओं को दर्शाता है । नीचे दिये गये कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

(i) समंजन के दौरान व्यक्ति तथा पर्यावरण दोनों में परिवर्तन होता है ।

(ii) एक स्थिति में समंजन दूसरी स्थितियों में भी समंजन है ।

(iii) समंजन की प्रक्रिया तेज करने के लिये अभिप्रेरणा का अध्ययन सहायक होता है ।

(iv) समंजन बुद्धि और व्यक्तित्व पर निर्भर करता है ।

(v) समंजन यांत्रिक परन्तु सोद्देशय होता है ।

**कूट :**

(1) (i), (iii) और (iv)     (2) (ii), (iii) और (v)

(3) (iii), (iv) और (v)     (4) (i), (ii) और (iv)

**24.** व्यक्तित्व आकलन का निम्नांकित में से कौन सा उपकरण प्रक्षेपणात्मक परीक्षण है ?

(1) कैटल का 16 पी.एफ.     (2) एडवर्ड्स का परसनल प्रेफरेन्स स्केल

(3) एम.एम.पी.आई.     (4) टी.ए.टी.

**25.** Which of the following personality characteristics is not subject to appraisal ?

(1) Interests and values (2) Motivational dispositions

(3) Expressive and Stylistic traits (4) Heedfulness and loyalty

**26.** Match the following types of counselling of Set-I with name of their promoters given in Set-II.

| Set – I | Set – II |
|---|---|
| (a) Directive Counselling | (i) Thorn |
| (b) Non-directive Counselling | (ii) Williamson |
| (c) Eclectic Counselling | (iii) Tolbert |
| | (iv) Peterson |
| | (v) Carl Rogers |

Which of the following indicates the correct match ?

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (v) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) |

**27.** An Anecdotal Record is related to :

(1) Description of a particular episode/behaviour/event in someone's case.

(2) Complete record of a child/student during his/her school education.

(3) Record of the memories of the school life.

(4) Record of small stories.

**28.** In the Indian context most appropriate stage for vocational guidance is :

(1) Kindergarten Stage (2) Elementary Stage

(3) Secondary Stage (4) Senior Secondary Stage

**29.** In the context of Group Guidance, one of the most essential requirements is :

(1) Heterogeneity of the group.

(2) Homogeneity of the group.

(3) Match the individuals of the group on a particular basis.

(4) Large number of participants.

**25.** व्यक्तित्व की निम्नांकित विशेषताओं में से किसे मूल्यांकन के घेरे में नहीं लाया जा सकता ?

(1) रुचियाँ एवं मूल्य
(2) अभिप्रेरणात्मक प्रवृत्तियाँ
(3) अभिव्यक्तिपरक एवं शैली सूचक विशेषक
(4) सावधानी एवं स्वामिभक्ति

**26.** निम्नलिखित में से सेट-I में दिए गए उपबोधन के प्रकारों का सेट-II में दिए गए प्रवर्तकों के साथ सुमेलन कीजिए :

| **सेट – I** | **सेट – II** |
|---|---|
| (a) निदेशात्मक उपबोधन (परामर्श) | (i) थार्न |
| (b) अनिदेशात्मक उपबोधन (परामर्श) | (ii) विलियमसन |
| (c) संकलात्मक उपबोधन (परामर्श) | (iii) टोलबर्ट |
| | (iv) पीटरसन |
| | (v) कार्ल रोजर्स |

निम्नलिखित में से कौन सा सही मिलान दर्शाता हैं ?

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (v) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) |

**27.** एन्कडोटल रिकार्ड सम्बन्धित है :

(1) व्यक्ति के किसी विशेष वृत्त/व्यवहार/घटना के सम्बन्ध में विवरण
(2) एक विद्यार्थी का उसकी स्कूली शिक्षा की अवधि का पूर्ण ब्यौरा (रिकार्ड)
(3) स्कूली जीवन की स्मृतियों का विवरण
(4) लघु कहानियों का विवरण

**28.** भारतीय सन्दर्भ में व्यावसायिक निर्देशन हेतु सबसे उपयुक्त अवस्था कौन सी है ?

(1) किण्डरगार्टन स्तर
(2) प्राथमिक स्तर
(3) माध्यमिक स्तर
(4) उच्च माध्यमिक स्तर

**29.** समूह निर्देशन के सन्दर्भ में एक सबसे जरूरी आवश्यकता है :

(1) समूह की विजातीयता
(2) समूह की सजातीयता
(3) व्यक्तियों का मिलान विशेष आधार पर
(4) प्रतिभागियों की अधिसंख्या

**30.** In the context of Directive Counselling, the credit goes to

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Thorn | (2) | Carl Rogers |
| (3) | Williamson | (4) | Tolbert |

**31.** The following example is of a hypothesis in a study undertaken at school level "School children from rural background are prone to less stress as compared to their counterpart in the urban areas". This statement may be considered as an instance of which type of hypothesis ?

(1) Principal research hypothesis
(2) Action research hypothesis
(3) Null hypothesis
(4) Directional hypothesis

**32.** The term population in research is defined as,

(1) the total number of cases in a group.
(2) all the possible cases in a group.
(3) the aggregate constituents of a defined group.
(4) the various aggregates which are identified.

**33.** In arriving at generalizations in respect of findings, a researcher moves from

(1) Sample observations to population.
(2) From one sample to the other sample.
(3) From population data to the sample.
(4) From population to population.

**34.** In which tool of research the coverage of information is relatively large and indepth ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Interview | (2) | Questionnaire |
| (3) | Focus group discussion | (4) | Observation |

**35.** Which of the following may not be considered as a source of hypothesis formulation ?

(1) Experience of the researcher.
(2) Observation of the field situations.
(3) Personal data of the researcher.
(4) Related studies surveyed by the researcher.

**36.** Organize the steps involved in naturalistic research in correct order from the stages given below and select the suitable code.

(i) Developing and maintaining relations in the field.
(ii) Deciding the sampling.
(iii) Identifying role and managing entry into the context.
(iv) Locating a field of study.
(v) Data collection and analysis.

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (iv), (ii), (iii), (i), (v) | (2) | (iv), (iii), (ii), (v), (i) |
| (3) | (i), (ii), (iii), (iv), (v) | (4) | (i), (iii), (v), (iv), (ii) |

**30.** निदेशात्मक उपबोधन (परामर्श) के सन्दर्भ में किसे श्रेय जाता है ?

(1) थार्न (2) कार्ल रोजर्स

(3) विलियमसन (4) टोलबर्ट

**31.** निम्नलिखित उदाहरण, विद्यालय के स्तर पर किए गए अध्ययन में परिकल्पना का है –
"ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यालय के बच्चों में अपने साथी शहरी क्षेत्रों के बच्चों की तुलना में दबाव कम होता है ।" इस कथन को परिकल्पना के किस प्रकार के दृष्टांत के रूप में समझा जाएगा ?

(1) मुख्य अनुसंधान परिकल्पना (2) क्रियात्मक अनुसंधान परिकल्पना

(3) शून्य परिकल्पना (4) निर्देशात्मक परिकल्पना

**32.** अनुसंधान में समग्र पद को निम्नलिखित में से किसके रूप में परिभाषित किया गया है ?

(1) किसी समूह में सदस्यों की कुल संख्या

(2) किसी समूह में सभी संभावित सदस्य

(3) परिभाषित समूह की समस्त इकाइयाँ

(4) विभिन्न समुच्चय, जिन्हें परिभाषित किया जाता है ।

**33.** निष्कर्ष के संबंध में सामान्यीकरण पर पहुँचते हुए, शोधार्थी निम्नलिखित में से किससे आगे चलता है ?

(1) प्रतिदर्श के प्रेक्षण से समग्र की ओर (2) एक प्रतिदर्श से दूसरे प्रतिदर्श

(3) समग्र प्रदत से प्रतिदर्श की ओर (4) समग्र से समग्र

**34.** अनुसंधान के किस उपकरण में सूचना की व्याप्ति अपेक्षाकृत बड़ी और गहन होती है ?

(1) साक्षात्कार (2) प्रश्नावली

(3) लक्ष्य केंद्रित समूह चर्चा (4) प्रेक्षण

**35.** निम्नलिखित में से किसे परिकल्पना निरूपण का स्रोत नहीं समझा जाता है ?

(1) शोधार्थी का अनुभव (2) क्षेत्र की स्थितियों का प्रेक्षण

(3) शोधार्थी का वैयक्तिक प्रदत्त (4) शोधार्थी द्वारा संबंधित अध्ययन सर्वेक्षण

**36.** नीचे दिए चरणों में से प्रकृतिवादी शोध में निहित सोपानों का चयन करते हुए इन्हें उपयुक्त क्रम में संयोजित कीजिए ।
अपने उत्तर हेतु सही कूट का चयन करें ।

(i) क्षेत्र में सम्बन्धों को विकसित करना तथा बनाए रखना ।

(ii) प्रतिचयन का निर्धारण करना ।

(iii) सन्दर्भगत भूमिका की पहचान करना तथा उपयुक्त सन्दर्भ में प्रवेश का इन्तज़ाम करना ।

(iv) अध्ययन हेतु क्षेत्र का पता लगाना ।

(v) प्रदत्त संकलन करना तथा उसका विश्लेषण करना ।

**कूट :**

(1) (iv), (ii), (iii), (i), (v) (2) (iv), (iii), (ii), (v), (i)

(3) (i), (ii), (iii), (iv), (v) (4) (i), (iii), (v), (iv), (ii)

**37.** Match the tools/techniques of research given in set-I with their characteristics given in Set-II and select appropriate code.

| **Set – I (Tools/Techniques)** | | **Set – II (Characteristics)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Interview | (i) | Useful instrument for collecting survey information. |
| (b) | Discourse analysis | (ii) | Development of an elaborate system of categories by preserving essential complexity. |
| (c) | Questionnaire | (iii) | Flexible tool enabling multi sensory channels to be used. |
| (d) | Observation | (iv) | Explores the organization of ordinary talk, explanations or social actions to fit a pattern. |
| | | (v) | Offers the researcher an opportunity to gather data from natural settings. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (3) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**38.** A set of scores has a mean of 20 and a standard deviation 6. If every score is multiplied by 4, the new mean and standard deviation would be :

(1) 20, 24 (2) 80, 24

(3) 20, 6 (4) 80, 6

**39.** Identify the set which mention the disadvantage of Longitudinal research studies using the codes given below :

(i) Time consuming and expensive.

(ii) Subject dropout or refusal for further cooperation.

(iii) Re-interpretation of remembered information.

(iv) Interaction of biological, environmental and intervention influences.

**Codes :**

(1) (i), (iv), (iii) (2) (iii), (ii), (i)

(3) (iv), (iii), (ii) (4) (i), (ii), (iv)

**37.** नीचे समुच्चय-I (Set-I) में दिए गए शोध के उपकरणों/तकनीकों का समुच्चय-II (Set-II) में दिए गए उनके अभिलक्षणों से मिलान कीजिए ।

सही उत्तर हेतु समुचित कूट का चयन कीजिए :

| **समुच्चय – I (उपकरण/तकनीक)** | | **समुच्चय – II (अभिलक्षण)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | साक्षात्कार | (i) | सर्वेक्षण सम्बद्ध सूचना संग्रहण हेतु उपयोगी उपकरण |
| (b) | भाषण, वार्ता आदि का विश्लेषण | (ii) | आवश्यक जटिलता के परिरक्षण द्वारा कोटियों की विस्तृत व्यवस्था का विकास करना । |
| (c) | प्रश्नावली | (iii) | प्रयुक्त किए जाने योग्य बहु-संवेदी माध्यमों को सशक्त करने वाले सुनम्य उपकरण |
| (d) | निरीक्षण | (iv) | एक प्रतिमान के अनुकूल सामान्य वार्ता, व्याख्या अथवा सामाजिक क्रियाओं के संघटन की गवेषणा |
| | | (v) | शोधार्थी को प्राकृतिक परिवेश से प्रदत्त संग्रहण के अवसर प्रदान करता है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (3) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**38.** एक अंकों के समुच्चय का माध्य 20 है तथा मानक विचलन 6 है । यदि प्रत्येक अंक को 4 से गुणा किया जाए, तो नया माध्य व मानक विचलन होगा :

(1) 20, 24    (2) 80, 24

(3) 20, 6    (4) 80, 6

**39.** नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए अनुदैर्ध्य अनुसंधान अध्ययनों के असुविधाजनक सेट का उल्लेख कीजिए :

(i) समय-साध्य और खर्चीला

(ii) प्रतिभागी का विरत होना या सहयोग देने से मना करना

(iii) पूर्व-स्मृत सूचना का पुन: निर्वचन

(iv) जैविक, पर्यावरणीय और हस्तक्षेप के प्रभावों की अंत:क्रिया

**कूट** :

(1) (i), (iv), (iii)    (2) (iii), (ii), (i)

(3) (iv), (iii), (ii)    (4) (i), (ii), (iv)

**40.** Match the method of sampling in Section-I with the purpose served given in Section-II. Identify the appropriate code.

| **Section – I** (Method of Sampling) | | **Section – II** (Purpose Served) |
|---|---|---|
| (a) Multi stage sampling | (i) | Give proportional weightage to selected characteristics of the wider population. |
| (b) Quota sampling | (ii) | Choosing the nearest individuals to serve as respondents. |
| (c) Snow ball sampling | (iii) | Selecting the sample in stages. |
| (d) Purposive sampling | (iv) | Purpose of sampling changes at each stage of the procedure. |
| | (v) | Sampling a population where access is difficult and the selected individuals are then used as informants. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (v) | (iv) |
| (3) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iv) | (ii) | (v) |

**41.** RTE Act-2009 is :

(1) Right to Education of Children-2009

(2) Right of Children for Free and Compulsory Education Act-2009

(3) Right to Education of Children for Free and Compulsory Education Act, 2009

(4) Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009.

**42.** Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas (KGBVs) are :

(1) Residential schools for girls providing education upto V class.

(2) Schools providing education to girls belonging to weaker sections.

